# फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम पर संगोष्ठी आयोजित

गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय के इंजिनीरिंग संकाय एवं एआईसीटीई की सहायता से फैकल्टी डेवेलपमेन्ट प्रोग्राम स्टूडेन्ट इंडक्शन एवं मानवीय नैतिक मूल्यों पर तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

एआईसीटीई के प्रो. आलोक कुमार पांडे ने बताया कि मानवीय एवं प्रकृति के मूल्य जीवन में काफी महत्वपूर्ण है एवं इन मूल्यों को समझकर मानव स्वयं एवं दूसरों के जीवन में सकारात्मकता ला सकता है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी की सुरक्षा एवं समाज की उन्नति के सन्दर्भ में शिक्षा की जागरूकता के लिए प्राथमिक शिक्षा में पाठ्यक्रम की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं में मानसिक तनाव के निस्तारण के लिए मानवीय मूल्यों को अपनाना आवश्यक है। मेवाड़ विश्वविद्यालय के डीन इंजीनियर डॉ. तनवीर अहमद काजी के निर्देशन में संगोष्ठी का संचालन किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित सभी शिक्षकों ने समाज एवं पृथ्वी की उन्नति और सुरक्षा का प्रण लिया।



Rajasthan Patrika, 10-01-2020

# फैकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम पर संगोष्ठी



गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय के इंजिनीरिंग संकाय एवं एआईसीटीई की सहायता से फैकल्टी डेवेलपमेन्ट प्रोग्राम स्टूडेन्ट इंडक्शन एवं मानवीय नैतिक मूल्यों पर तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एआईसीटीई के प्रोफेसर आलोक कुमार पांडे ने बताया कि मानवीय एवं प्रकृति के मूल्य जीवन मे काफी महत्वपूर्ण हैं एवं इन मुल्यों को समझकर मानव स्वंय एवं दूसरों के जीवन मे सकारात्मकता ला सकता हैं। मानवीय मूल्यों को अपनाना आवश्यक हैं। मेवाड़ विश्वविद्यालय के डीन इंजीनियरिंग डॉ. तनवीर अहमद काजी के निर्देशन में संगोष्ठी का संचालन किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित सभी शिक्षकगणों ने समाज एवं पृथ्वी की उन्नति और सुरक्षा का प्रण लिया। Dainik Navajyoti 10-01-2020